# कार्यालय प्राचार्य, धुर्वाराव माड़िया शासकीय महाविद्यालय, भैरमगढ़, जिला – बीजापुर (छ०ग०) - 494450

## NAAC Accredited

( शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर (बस्तर) छ०ग० से संबद्ध )

Website- www.dmgcb.ac.in Phone: 07789299002 Email ID- governmentcollegebhairamgarh@gmail.com


क्रमांक/ 91 / स्था./2025 भैरमगढ़, दिनांक 23 /07/2025

## // अतिथि व्याख्याता हेतु संक्षिप्त विज्ञापन //

धुर्वाराव माड़िया शासकीय महाविद्यालय, भैरमगढ़, जिला- बीजापुर (छ.ग.) में सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों के विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से **अतिथि व्याख्याता** हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक **04/08/2025** को सायं 05:30 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

| क्रमांक | विषय | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | गणित | 01 |
| 2 | प्राणीशास्त्र | 01 |
| 3 | वनस्पतिशास्त्र | 01 |
| 4 | अंग्रेजी | 01 |
| 5 | वाणिज्य | 1+1* = 02 |
| **कुल पदों की संख्या** | | **06** |

**न्यूनतम अर्हता –** संबंधित विषय में **स्नातकोत्तर एवं नेट / सेट / पी.एच.डी/ एम.फिल.***

नोट :- 1. ई-मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा।

2. विस्तृत विज्ञापन संस्था के नोटिस बोर्ड, महाविद्यालय की वेबसाइट www.dmgcb.ac.in में अपलोड किया गया है। जिससे विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

3. अतिथि व्याख्याता नीति – 2024, महाविद्यालय के वेबसाइट में important information एवं latest news सेक्शन में अपलोड की गयी है |

4. यह विज्ञापन केवल **अतिथि व्याख्याता** हेतु प्रसारित है अतः केवल NET/SET/Ph.D/M.Phil. योग्यता धारी ही आवेदन करें| **"केवल स्नातकोतर डिग्रीधारी"** आवेदकों के आवेदन स्वतः ही निरस्त माने जाएंगे तथा किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी |

*** यद्यपि वाणिज्य विषय में अतिथि शिक्षण सहायक हेतु उपलब्ध एक पद के लिए न्यूनतम योग्यता 55 प्रतिशत अंको के साथ स्नातकोत्तर मानी जाएगी |**

*** वाणिज्य विषय में एक सीट अतिथि व्याख्याता एवं अतिथि शिक्षण सहायक दोनों के लिए ओपन रहेगी |**

प्राचार्य
धुर्वाराव माड़िया शासकीय महाविद्यालय
भैरमगढ़, जिला-बीजापुर (छ.ग.)

प्रतिलिपि :-

01. कार्यालय, आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ |
02. अग्रणी महाविद्यालय बीजापुर, जिला – बीजापुर की ओर सूचनार्थ |
03. क्षेत्रीय अपर संचालक बस्तर संभाग जगदलपुर को सादर सूचनार्थ |

# कार्यालय प्राचार्य, धुर्वाराव माड़िया शासकीय महाविद्यालय, भैरमगढ़, जिला – बीजापुर (छ०ग०) - 494450

## NAAC Accredited

( शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर (बस्तर) छ०ग० से संबद्ध )

Website- www.dmgcb.ac.in    Phone: 07789299002    Email ID- governmentcollegebhairamgarh@gmail.com


क्रमांक/91.. / स्था./2025    भैरमगढ़, दिनांक 23 /07/2025

## // अतिथि व्याख्याता हेतु विस्तृत विज्ञापन //

छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर का पत्र क्र./एफ 3-54/स्था./2020/38-1 दिनांक 20/06/2024 एवं कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, अटल नगर नवा रायपुर का पत्र क्र. 289/01/आउशि/राज. स्था./2025 नवा रायपुर, दिनांक 23/07/2025 के अनुसार धुर्वाराव माड़िया शासकीय महाविद्यालय भैरमगढ़, जिला- बीजापुर (छ.ग.) में सहायक प्राध्यापक के रिक्त पदों के विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से **अतिथि व्याख्याता** हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 04/08/2025 को सायं 05:30 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता :-**

1. अतिथि व्याख्याता को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख-रखाव हेतु अन्य उपाय) संबंधी विनियम, 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, **अन्य पिछड़ा वर्ग(असंपन्न वर्ग)** एवं दिव्यागजन अभ्यर्थियों के लिये स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।
2. आयु सीमा :- अतिथि व्याख्याता अधिकतम 65 वर्ष तक।
3. छत्तीसगढ के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

**विषय / पदों का विवरण**

| क्रमांक | विषय | रिक्त पद एवं संख्या |
|---|---|---|
| | | सहा.प्राध्यापक |
| 1 | गणित | 01 |
| 2 | प्राणीशास्त्र | 01 |
| 3 | वनस्पतिशास्त्र | 01 |
| 4 | अंग्रेजी | 01 |
| 5 | वाणिज्य | 1 + 1* = 02 |
| कुल पदों की संख्या | | **06** |

**टीप :-** संबंधित विषयों में नवीन नियुक्ति / नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरुप पद भर जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत अतिथि व्याख्याता की सेवा स्वतः समाप्त हो जावेगी।

**नोट :-** 1. ई-मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा।

2. अतिथि व्याख्याता नीति – 2024, महाविद्यालय के वेबसाइट में important information एवं latest news सेक्शन में अपलोड की गयी है।

3. यह विज्ञापन केवल **अतिथि व्याख्याता** हेतु प्रसारित है अतः केवल NET/SET/Ph.D/M.Phil. योग्यता धारी ही आवेदन करें| **"केवल स्नातकोतर डिग्रीधारी"** आवेदकों के आवेदन स्वतः ही निरस्त माने जाएंगे तथा किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

*** यद्यपि वाणिज्य विषय में उपलब्ध एक open पद के लिए न्यूनतम योग्यता 55 प्रतिशत अंको के साथ स्नातकोत्तर मानी जाएगी।**

4. **अतिथि व्याख्याता नीति-2024** के **कंडिका 9.6** के अनुसार "जिन संस्थानों में अतिथि शिक्षण सहायक / ग्रंथालय सहायक / क्रीड़ा सहायक की सेवायें ली जाती है उन संस्थानों में प्रत्येक नवीन शिक्षा सत्र में विज्ञापन जारी किया जायेगा एवं अतिथि व्याख्याता / ग्रंथपाल / क्रीडा अधिकारी की उपलब्धता होने पर ही अतिथि शिक्षण सहायक / ग्रंथालय सहायक / क्रीड़ा सहायक के स्थान पर रखा जा सकेगा अन्यथा पूर्व में कार्यरत अतिथि शिक्षण सहायक / ग्रंथालय सहायक / क्रीड़ा सहायक की सेवायें यथावत ली जायेगी।"

*** वाणिज्य विषय में एक सीट अतिथि व्याख्याता एवं अतिथि शिक्षण सहायक दोनों के लिए ओपन रहेगी।**

**शर्ते :-**

01. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट/नेट, एम. फिल./पी-एच.डी. अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें।
02. दिनांक **04/08/2025** तक कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं, प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुकम सूची में शामिल किया जावेगा। ई-मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा।
03. अंतिम तिथि तक महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
04. प्राप्त आवेदनों की पदवार अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक **05/08/2025** को महाविद्यालय के सूचना पटल व वेबसाईट www.dmgcb.ac.in पर प्रकाशित किया जावेगा।
05. गुणानुक्रम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की तिथि **06 और 07 अगस्त 2025** तक होगी।
06. अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक **08/08/2025** को किया जावेगा जिसका अवलोकन महाविद्यालय की वेबसाईट अथवा सूचना पटल में किया जायेगा।
07. आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस / न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में नहीं है एवं पूर्व में किसी विश्वविद्यालय / महाविद्यालय में शिकायत / कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवायें समाप्त नहीं की गई है।
08. आवेदन उपरांत संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होता है, तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।
09. अतिथि व्याख्याताओं की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।
10. मानदेयः - अतिथि व्यवस्था के अंतर्गत देय मानदेय निम्नानुसार होगा -

| क्र. | विवरण | अतिथि व्याख्याता | अतिथि शिक्षण सहायक (केवल वाणिज्य विषय – एक पद) |
|---|---|---|---|
| 1 | 40- 50 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | 400/- | 300/- |
| 2 | चार कालखंडों के लिये प्रतिदिन अधिकतम मानदेय | 1600/-<br>(41,600/- प्रतिमाह अधिकतम) | 1200/-<br>(30000/- प्रतिमाह अधिकतम) |
| 3 | 60 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | 500/- | 350/- |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | चार कालखंडों के लिये प्रतिदिन अधिकतम मानदेय | 2000/- (50,000/- प्रतिमाह अधिकतम ) | 1400/- (35,000/- प्रतिमाह अधिकतम ) |

11. आवेदक बंद लिफाफे के ऊपर पत्राचार का पता **कार्यालय प्राचार्य, धुर्वाराव माड़िया शासकीय महाविद्यालय भैरमगढ़, जिला-बीजापुर(छ०ग०), 494450** एवं आवेदित विषय/पद आवशयक रुप से लिखे।

12. इस विज्ञापन के तहत व्यवस्था किए गए अतिथि व्याख्याता को महाविद्यालयीन स्थापना के अंतर्गत नहीं माना जायेगा और ये लोक सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक सेवक नहीं कहलायेंगे।

13. संस्थान में इस व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत, यदि लगातार 15 दिवस तक अनुपस्थित रहता है तो उनकी व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जायेगी, जिसकी कार्यवाही संबधित संस्था प्रमुख द्वारा की जावेगी।

14. इन्हें सर्वत्र अनुशासन बनाए रखना होगा तथा संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

15. कक्षाओं के संचालन के साथ-साथ संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार अध्यापन के अतिरिक्त कार्य यथा प्रवेश, परीक्षा, छात्रसंघ चुनाव, योजनाओं का संचालन, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रीड़ा गतिविधियां, युवा उत्सव, आंतरिक परीक्षाओं का संचालन एवं मूल्यांकन, नैक मूल्यांकन संबंधी कार्यों में ये सहयोग प्रदान करेंगे।

16. यदि कार्य अवधि के शैक्षणिक सत्र में इनकी अध्यापन कार्य संबंधी अथवा अन्य शिकायतें प्राप्त होती है तो सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी तथा ये आगामी शैक्षणिक सत्रों में अध्यापन कार्य हेतु पात्र नहीं होंगे।

17. दावा आपत्ति महाविद्यालय के E-mail, governmentcollegebhairamgarh@gmail.com पर भेज सकते हैं अथवा भौतिक रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं |

18. उपरोक्त विज्ञापन में यथासंभव सावधानी बरती गई है। यद्यपि किसी विसंगति की दशा में "छत्तीसगढ़ अतिथि व्याख्याता नीति 2024" के प्रावधान ही अंतिम रूप से मान्य होंगे।

प्राचार्य
धुर्वाराव माड़िया शासकीय महाविद्यालय
भैरमगढ़, जिला- बीजापुर (छ०ग०)

प्राचार्य
धुर्वाराव माड़िया शासकीय महाविद्यालय भैरमगढ़
भैरमगढ़, जिला-बीजापुर (छ.ग.)

प्रतिलिपि :-

01. कार्यालय, आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ।
02. क्षेत्रीय अपर संचालक बस्तर संभाग जगदलपुर को सादर सूचनार्थ।
03. अग्रणी महाविद्यालय बीजापुर, जिला – बीजापुर की ओर सूचनार्थ।